# कार्यालय, नियंत्रक नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश, भोपाल

होशंगाबाद रोड़, गायत्री मंदिर के पास, भोपाल, पिन - 462011
Tel. 0755-2551017, 2551021, Email-cwmbho@mp.nic.in

**क्रमांक 4997/नातौ/E-to-E/2018** **भोपाल, दिनांक: 19 /12/2018**

**प्रति,**

समस्त निरीक्षक,
नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)
मध्यप्रदेश

विषय :- End-to-End Computerization अंतर्गत मोबाईल एप्लीकेशन "inframapping" द्वारा धर्मकांटा (वे-ब्रिज) की mapping करने के संबंध में।

-----00-----

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, खाद्य के निर्देशानुसार मोबाईल एप्लीकेशन तैयार की जा रही है जिसके माध्यम से गोदाम/भण्डारण केन्द्र एवं धर्मकांटा (वे-ब्रिज) की मेपिंग की जाना है। जिसके अंतर्गत धर्मकांटा (वे-ब्रिज) का अपडेशन एवं सत्यापन नाप-तौल विभाग को करना है। जिसकी प्रकिया निम्नानुसार है -

उक्त प्रक्रिया अंतर्गत आपको Google Play Store से MAP_IT द्वारा तैयार **InfraMapping** मोबाईल एप्लीकेशन download करना होगी। Mobile Application Install होने के पश्चात **डिवाइज पंजीकरण** पर जाकर समस्त पूर्तियां कर पंजीयन कराना होगा। तत्पश्चात आपको **डाउनलोड मास्टर डाटा** ऑपशन पर जाकर डाटा डाउनलोड करना होगा। इसके बाद संबंधित धर्मकांटे (वे-ब्रिज) पर पहुंच कर अपने मोबाईल का GPS चालू रखते हुये एप्लीकेशन के **संसाधन अपडेशन / सत्यापन** ऑपशन पर जाकर धर्मकांटा (वे-ब्रिज) चयन कर फोटो क्लिक कर अपलोड करें।

जिनके धर्मकांटे (वे-ब्रिज) की जानकारी डाउनलोड नहीं हो रही है या अधूरी जानकारी प्रदर्शित हो रही है वे धर्मकांटे (वे-ब्रिज) संस्थान के विवरण की प्रविष्टी करते हुए फोटो अपलोड करें । व पालन प्रतिवेदन अविलंब इस कार्यालय को प्रेषित करें।

अत: निर्देशित किया जाता है कि आप उक्त कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करें। उक्त प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु आप श्री अनुपम श्रीवास्तव, MAP_IT से मोबाईल नंबर 7697702177 एवं श्री राकेश दुबे, MAP_IT से मोबाईल नंबर 8527958981 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**नियंत्रक**
**नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)**
**म.प्र. भोपाल**

**क्रमांक 4998/नातौ/E-to-E/2018** **भोपाल, दिनांक: 19 /12/2018**

**प्रतिलिपि :-**

समस्त उप / सहायक नियंत्रक, नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान), मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**नियंत्रक**
**नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)**
**म.प्र. भोपाल**